RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 12 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 80 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## लोकसभा चुनाव 2024: महायुति बनाम एमबीए,
# मुंबई में फिफ्टी-फिफ्टी की संभावना... !

मुंबई : आगामी अप्रैल-मई 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी की तैयारी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से महायुति के खाते में 45 सीटें लाने का लक्ष्य बना कर अमित शाह के निर्देश पर पार्टी अपना अभियान चला रही है।



बीजेपी के लोकसभा मिशन 45 में देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की सभी 6 लोकसभा सीटें भी शामिल हैं। वैसे 2014 और 2019 की मोदी लहर में मुंबई की सभी 6 सीटें बीजेपी-शिवसेना युति के पक्ष में गईं थी। इस बार राजनीतिक समीकरण बदले हुए हैं। वैसे बीजेपी की कोर कमेटी ने जमीनी स्तर पर पड़ताल कर राज्य में 33 सीटें महायुति को मिलने की संभावना जताई है, जिसमें मुंबई से तीन सीटें शामिल हैं। एक साल पहले शिवसेना से बगावत कर बीजेपी के सहयोग से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे महायुति का हिस्सा हैं, जबकि मुंबई को अपना परंपरागत गढ़ मानने वाले उद्धव ठाकरे एमबीए के खेमे में हैं। आगामी लोकसभा चुनाव मुंबई में महायुति बनाम एमबीए ही होने वाला है।

**उद्धव ठाकरे से बदले की तैयारी...**

इस बार मुंबई में बीजेपी ने उद्धव से बदले की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने पिछले दो-तीन महीने से ही मुंबई के अलग-अलग इलाकों में महाजनसंपर्क यात्रा शुरू कर एक तरह से अपना प्रचार शुरू कर दिया है। बीजेपी की कोर कमिटी अपनी तरफ से मुंबई की सभी लोकसभा सीटों पर स्थिति का जायजा ले रही है। बदले राजनीतिक समीकरण में शिवसेना के उत्तर-पश्चिम सीट से सांसद गजानन कीर्तिकर और दक्षिण-मध्य से राहुल शेवाले शिंदे गुट में शामिल हैं, जबकि दक्षिण मुंबई से के सांसद अरविंद सावंत उद्धव के साथ हैं। मुंबई में शिवसेना का ज्यादातर कोर वोटर अभी भी उद्धव ठाकरे के साथ है, ऐसी स्थिति में सीएम शिंदे के लिए कुछ मुश्किलें आ सकती हैं, ऐसी रिपोर्ट भी बीजेपी के कोर ग्रुप ने दी थी। हालांकि अब एनसीपी को भी फोड़ कर अजित पवार महायुति में शामिल हो चुके हैं। इसका भी असर मुंबई सहित राज्य की अन्य लोकसभा सीटों पर पड़ेगा। बीजेपी के नेताओं को लगता है कि एमवीए के बड़े धड़े एनसीपी में फूट का लाभ बीजेपी को लोकसभा चुनाव में होने वाला हैं। बीजेपी लोकसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे को मुंबई में ही पटखनी देना चाहती हैं।

### मायानगरी पर किसका कब्जा

मायानगरी पर राजनीतिक रूप से कब्जे की लड़ाई दिलचस्प होती रही है। देश की सबसे धनी और समृद्ध मुंबई महानगरपालिका पर पिछले तीन दशक से शिवसेना का कब्जा रहा है। राज्य में सरकार भले ही कांग्रेस-एनसीपी या बीजेपी की रही हो, परंतु बीएमसी पर ठाकरे परिवार का वर्चस्व रहा है। इसी तरह लोकसभा चुनाव में बीजेपी शिवसेना के बीच भी मुंबई की तीन-तीन सीटों का बंटवारा होता रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में मुंबई से बीजेपी-शिवसेना के तीन-तीन सांसद चुने गए थे।

### बीजेपी को चुनौती

2019 के लोकसभा चुनाव में यहां एकतरफा जीत हासिल करने वाली एनडीए के लिए चुनाव आसान भी नहीं होगा। चर्चा है कि महायुति में शामिल अजित पवार भी 13 से 15 लोकसभा सीटें मांग सकते हैं। इनमें मुंबई से भी एक सीट की मांग हो सकती है। लोकसभा चुनावों में बीजेपी के खिलाफ विपक्ष ने लामबंदी तेज कर दी है। एक-एक सीट पर रणनीति बनाने वाली बीजेपी के लिए महाराष्ट्र बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। यहां राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। शिंदे गुट के पास 13 सांसद हैं। ऐसे में तीनो दलों के बीच सीटों का बंटवारा भी बीजेपी के लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

## ट्रेन से शराब का जखीरा जब्त, पनवेल RPF की कार्रवाई...



**नवी मुंबई :** पनवेल रेलवे स्टेशन पर पहुंची केरल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के एक डिब्बे से पनवेल आरपीएफ ने तीन बैग देशी और विदेशी शराब का जखीरा जब्त किया। जिसे पनवेल के राज्य उत्पाद शुल्क विभाग को सौंप दिया गया। यह शराब कौन लेकर आ रहा था, इसकी जानकारी जुटाने में आरपीएफ की टीम लगी है। ट्रेन नंबर 12217 केरल संपर्क क्रांति में अवैध तौर से शराब का परिवहन किया जा रहा है, इसके बारे में पनवेल आरपीएफ के निरीक्षकों को गुप्त सूचना मिली। जिसके आधार पर सहायक उप-निरीक्षक सिद्धेश्वर पाटिल, कांस्टेबल राज कपूर, मस्तराम मीना की टीम ने एसआईबी पनवेल और राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के कर्मियों के साथ उक्त ट्रेन के पनवेल स्टेशन पहुंचने पर ट्रेन के सभी डिब्बों की जांच की। इस जांच के दौरान उन्हें ट्रेन के डिब्बा क्रमांक बी-1 के बर्थ नंबर 71 के नीचे 3 बैग संदिग्ध स्थिति में मिली।

**यात्रियों से नहीं मिली कोई जानकारी**

पनवेल आरपीएफ ने बताया कि उक्त बैग के संबंध में डिब्बे में मौजूद यात्रियों से पूछा गया तो किसी ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। साथ ही डिब्बे में कोई भी संदिग्ध यात्री नजर नहीं आया। जिसके बाद तीनों बैग को उचित कार्रवाई के लिए आरपीएफ के कार्यालय लाया गया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस का बड़ा एलान...
# नाना पटोले बोले- 'हमारी तैयारी सभी सीटों...'



**मुंबई :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ बैठक की. इस बैठक के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि 48 सीटों पर हम लोगों का काम शुरू हो चुका है. लेकिन जब भी कोई गठबंधन होगा तो हमारे साथी जो होंगे उसको हमारी पार्टी की ताकत मिलेगी. महाराष्ट्र ऐसा स्टेट है जहां कांग्रेस को मानने वालों का एक बड़ा वर्ग है. जो भी हमारा साथी होगा उसको इसका फायदा मिलेगा. बता दें कि महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटे हैं.

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में जिला लेवल और ब्लॉक लेवल पर पूरे संगठन को मजबूत करने का काम किया जाएगा. जैसे ही बारिश का मौसम खत्म हो जाएगा तो बस यात्रा निकाली जाएगी जिसमें नरेंद्र मोदी सरकार और महाराष्ट्र में जो तीनों (एकनाथ शिंदे, बीजेपी और अजित पवार) उसमें कैसे महाराष्ट्र की विचारधारा को खरीदने का काम किया गया है ये जनता के बीच जाकर हम बताएंगे. मूल मुद्दा महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या का है.

### नेता प्रतिपक्ष के पद पर क्या बोले?

नाना पटोले ने कहा कि 17 जुलाई से विधानसभा का सत्र शुरू होने वाला है. इसके दो दिन पहले इस पर फैसला होगा. उन्होंने कहा कि ये एक प्रोसेस है. चाहे विधानसभा हो, संसद हो या विधान परिषद हो विपक्ष में जिसकी संख्या ज्यादा होगी उस पार्टी के नेता को स्पीकर को नेता प्रतिपक्ष बनाना पड़ता है. इसमें दावे जैसी कोई बात नहीं है.

## मुंबई में पेड़ गिरने से 70 वर्षीय महिला की मौत, 2 अन्य घायल

**मुंबई :** बीएमसी के आपदा नियंत्रण कक्ष ने कहा कि मंगलवार को उपनगरीय मलाड में एक पेड़ की एक बड़ी डाल अचानक गिर गई, जिससे 70 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ। दफ्तरी रोड पर जब एक निजी परिसर में एक पेड़ की एक बड़ी डाल बाहर सड़क पर जा गिरी, जिसके तले दो महिलाएं और एक नाबालिग लड़का दब गया। बचाव अभियान शुरू किया गया, लेकिन एक महिला शिंदा अहिरे (70) की इस घटना में मौत हो गई। संदेह है कि यह घटना पिछले एक सप्ताह से शहर में रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश के कारण हुई है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### नेताओं के भ्रष्टाचार की जांच

बंगाल के चर्चित शिक्षक भर्ती घोटाले में तृणमूल कांग्रेस सांसद एवं राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से राहत न मिलने से यही इंगित होता है कि इस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने जो आदेश दिया था, उसमें कहीं कोई विसंगति नहीं। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय अभिषेक बनर्जी के लिए एक झटका है। यह ममता बनर्जी के लिए भी एक आघात है, क्योंकि वह यह प्रचारित कर रही हैं कि उनके भतीजे को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। अभिषेक बनर्जी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के साथ सीबीआइ भी जांच कर रही है। वह इस जांच में सहयोग करने के स्थान पर इन एजेंसियों के समक्ष प्रस्तुत होने में आनाकानी कर रहे हैं। इससे जांच में देरी हो रही है। ऐसी ही देरी तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेताओं के खिलाफ हो रही जांच में भी हो रही है। यही स्थिति अन्य राज्यों के उन नेताओं के मामलों में भी है, जो विभिन्न घोटालों में फंसे हुए हैं।

आम तौर पर ऐसे नेता यही कहते हैं कि उनके विरुद्ध राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है और केंद्र सरकार के इशारे पर उन्हें अनावश्यक तंग किया जा रहा है। वे कुछ भी कहें, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अनेक मामलों में प्रथमद्दष्टया यह सामने आ चुका है कि करोड़ों और अरबों रुपये के घोटाले हुए हैं। यह एक तथ्य है कि भ्रष्टाचार में फंसे कई नेताओं या फिर उनके करीबियों के यहां से अकूत संपदा मिली है। कुछ के यहां तो बड़ी संख्या में नकदी भी मिली है। आखिर विधायक, सांसद या मंत्री के रूप में उन्होंने आय के ज्ञात स्रोतों से इतनी अधिक संपदा कैसे जुटा ली? प्रश्न यह भी है कि यदि जांच एजेंसियों का सामना कर रहे नेताओं ने कहीं कोई घपला नहीं किया है तो फिर न्यायालयों से उन्हें जमानत क्यों नहीं मिल रही है?

कुछ मामले तो ऐसे हैं, जिनमें भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे नेताओं को लंबे समय से जेल में रहने के बाद भी जमानत नहीं मिल पा रही है। आज इसकी गिनती करना कठिन है कि कितने नेता घपले-घोटालों के कारण जांच एजेंसियों का सामना कर रहे हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि संबंधित एजेंसियां समय-समय पर उनसे पूछताछ करने के साथ उनके खिलाफ आरोपपत्र भी दायर करती रहती हैं, क्योंकि जांच और सुनवाई का सिलसिला बहुत धीमा है। कुछ मामलों में तो वर्षों और यहां तक कि दशकों से जांच हो रही है। यह ठीक नहीं। नेताओं के मामलों की जांच तो प्राथमिकता के आधार पर कहीं अधिक द्रुत गति से होनी चाहिए और जो भी भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाएं, उन्हें दंड देने में शीघ्रता की जानी चाहिए। यह तब होगा, जब जांच एजेंसियों के साथ न्यायालय भी सक्रियता दिखाएंगे और वे नेताओं को अदालत-अदालत खेलने का मौका नहीं देंगे।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 9 महीने में 200 इंजीनियरों ने बनाई चंद्रयान की मशीनें

## जमीन से 50 किमी की ऊंचाई से चांद में पहुंचाने की जिम्मेदारी... चंद्रयान-3 के इंजनों में लगे 80 प्रतिशत कलपुर्जे मुंबई में बने हैं



**मुंबईः** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 लॉन्च करेगा। मुंबईकरों के लिए खास बात यह है कि इस ऐतिहासिक मिशन के लिए चंद्रयान-3 की मशीनों में जो कलपुर्जे लगाए गए हैं, उनमें से 80 प्रतिशत मुंबई में बने हैं। ये कलपुर्जे मुंबई के विक्रोली स्थित गोदरेज एयरोस्पेस कंपनी में बनाए गए हैं। कहा जा रहा है कि चंद्रयान-2 की खामियों को इस मिशन में दूर कर लिया गया है। चंद्रयान-2 अपने 47 दिनों की यात्रा के बाद लैंडिंग के दौरान असफल हो गया था। चंद्रयान-3 के तीन इंजनों में लगाए गए 80 प्रतिशत कलपुर्जे उनकी कंपनी ने मुंबई में बनाए हैं। इस काम में करीब 9 महीने तक 200 इंजिनियर और कर्मचारी लगे रहे। इन पाट्र्स पर चंद्रयान-3 को जमीन की सतह से करीब 50 किलोमीटर की ऊंचाई से चांद तक यान को पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी। इसमें एक इंजन का नाम विकास है, जो यान को करीब 50 किमी की ऊंचाई से 500 किमी की ऊंचाई तक ले जाएगा। आगे की यात्रा बाकी के दो इंजनों से होगी। गोदरेज एयरोस्पेस कंपनी के अधिकारी के अनुसार, विकास इंजन का काम चंद्रयान के जमीन की सतह से करीब 50 किमी की ऊंचाई पर पहुंचने पर शुरू होता है। विकास इंजन यान को करीब 50 किमी की ऊंचाई से 500 किमी की ऊंचाई पर ले जाता है। वहीं यान को करीब 500 किमी से करीब 1100 किमी की ऊंचाई तक पहुंचाने का जिम्मा सीई-20 इंजन के पास होता है। 1100 किमी से चांद तक यान को पहुंचाने का काम थ्रस्टर्स इंजन करेंगे। थ्रस्टर्स इंजन अलग-अलग चरणों में काम करते हैं। साथ ही यान की ऊंचाई बढ़ाने-घटाने और दिशा बदलने में भी यह यंत्र मदद करते हैं।

### छह इंच से चार मीटर के हैं पाट्र्स

चंद्रयान-3 के इंजन छह इंच से लेकर 4 मीटर ऊंचे पार्ट से तैयार हुए हैं। चंद्रयान को तेज गति से चांद तक पहुंचाने के लिए उसमें विकास इंजन नाम के दो इंजन और एक सीई-20 इंजन व 20 से 25 थ्रस्टर्स इंजन लगाए गए हैं। विकास इंजन का डायमीटर करीब 1.9 मीटर और ऊंचाई करीब 4 मीटर है। सीई-20 इंजन का डायमीटर करीब 1.7 मीटर, 3.5 मीटर ऊंचाई और 300 किलो वजनी है। थ्रस्टर्स इंजन का आकार छह इंच से लेकर 24 इंच के करीब है। थ्रस्टर्स इंजन 2 किलो से 24 किलो के करीब है। गोदरेज एयरोस्पेस कंपनी के बिजनेस हेड मानेक बेहरामकामदीन के अनुसार, चंद्रयान में लगे इंजन के 80 फीसदी पाट्र्स को मुंबई में तैयार किया गया है।

# 25 प्लेट समोसे के बदले चुकाने पड़े 1.40 लाख रुपये...

## डॉक्टर को ऑनलाइन ऑर्डर करना पड़ा महंगा




**मुंबई :** मुंबई में एक डॉक्टर को समोसा खाना काफी महंगा पड़ गया। डॉक्टर को समोसा इतना महंगा पड़ा कि इसके बदले उन्हें करीब डेढ़ लाख रुपये चुकाने पड़ गए। डॉक्टर ने एक रेस्टोरेंट से 25 प्लेट समोसे मंगवाएं, जिसके बाद उन्हें 1.40 लाख रुपये का चूना लग गया।

**समोसा ऑर्डर करने में 1.40 लाख रुपये गंवाए**

जानकारी के अनुसार, मुंबई में नगर निगम द्वारा संचालित केईएम अस्पताल के 27 वर्षीय एक डॉक्टर ने अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट से 25 प्लेट समोसा ऑनलाइन ऑर्डर किया, लेकिन ऑर्डर करने के बाद उनके खाते से 1.40 लाख रुपये गायब हो गए। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये घटना शनिवार सुबह 8.30 से 10.30 बजे के बीच की है। उन्होंने कहा कि पीड़ित और उसके सहयोगियों ने कर्जत में पिकनिक की योजना बनाई थी, जिसके लिए समोसे का ऑर्डर दिया था। डॉक्टर ने रेस्टोरेंट का नंबर ऑनलाइन ढूंढने के बाद ऑर्डर दिया था।

**ठग के चंगुल में फंसा डॉक्टर**

पुलिस ने कहा कि जब डॉक्टर ने उस नंबर पर कॉल किया, तो जवाब देने वाले ने उनसे 1,500 रुपये अग्रिम भुगतान करने के लिए कहा। इसके बाद डॉक्टर को एक व्हाट्सएप संदेश मिला, जिसमें ऑर्डर की पुष्टि और ऑनलाइन पैसे भेजने के लिए बैंक खाता नंबर भी था। डॉक्टर ने 1500 रुपये भेजे।

# मुंबई अदालत का अजीबोगरीब फैसला,

## अब पत्नी के साथ पालतू कुत्तों के लिए भी देना होगा गुजारा भत्ता



**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने घरेलू हिंसा के एक मामले में कहा कि पालतू पशु लोगों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद करते हैं और रिश्तों में तकरार के कारण होने वाली भावनात्मक कमी को दूर करते हैं। इस मामले में एक महिला ने अलग रह रहे अपने पति से गुजारा भत्ता मांगते हुए कहा है कि उसे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं तथा तीन पालतू कुत्ते भी उस पर निर्भर हैं। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (बांद्रा अदालत) कोमलसिंह राजपूत ने 20 जून को दिए अंतरिम आदेश में व्यक्ति को अलग रह रही अपनी 55 वर्षीय पत्नी को हर महीने 50,000 रुपये गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया और उसकी यह दलील खारिज कर दी कि पालतू कुत्तों के लिए गुजारा भत्ता नहीं दिया जा सकता। इस मामले में विस्तृत आदेश हाल में उपलब्ध हुआ है।

मजिस्ट्रेट ने कहा, ह्यह्यमैं इन दलीलों से सहमत नहीं हूं। पालतू पशु भी एक सभ्य जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा हैं। मनुष्य के स्वस्थ जीवन के लिए पालतू पशु आवश्यक हैं क्योंकि वे रिश्तों के टूटने से हुई भावनात्मक कमी को दूर करते हैं। अदालत ने कहा कि इसलिए गुजारा भत्ते की राशि कम करने का यह आधार नहीं हो सकता। महिला ने अदालत का रुख करते हुए कहा था कि उसकी शादी सितंबर 1986 में प्रतिवादी (बेंगलुरु के कारोबारी) से हुई थी। शादी के कई साल बाद उनके बीच कुछ मतभेद पैदा हो गए और 2021 में प्रतिवादी ने उसे मुंबई भेज दिया।




# कलंक वाले बयान पर फडणवीस का उद्धव को पलटवार

## 8 लाइन में सामने ला दिया पूरा 'काला चिट्ठा'



**मुंबई :** महाराष्ट्र में बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस और बालासाहेब ठाकरे शिवसेना गुट के नेता उद्धव ठाकरे के बीच वॉक युद्ध छिड़ गया है. उद्धव ठाकरे की ओर से नागपुर का कलंक बताए जाने पर अब देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया है. फडणवीस ने कहा है कि उद्धव ठाकरे ने जिनपर गोबर खाने का आरोप लगाया था उन्हीं के साथ बैठकर खाना खाते नजर आए थे, ये कलंक नहीं है तो फिर क्या है.

देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट करते हुए उद्धव ठाकरे पर आठ बड़े आरोप लगाते हुए उनके लिए कलंक बताया है. उन्होंने कोरोना काल से लेकर वीर सावरकर तक का जिक्र किया है और बताया है कि उनकी नजर में उद्धव ठाकरे के लिए कलंक क्या-क्या हैं. राज्य के डिप्टी सीएम ने कहा है कि कोरोना की वजह से जब लोग मर रहे थे तब महाराष्ट्र की तत्कालीन सरकार में शवों के ले जाने के लिए खरीदे गए बैग में घोटाला हुआ था.

दरअसल, विदर्भ दौरे के दूसरे दिन सोमवार को उद्धव ठाकरे नागपुर पहुंचे हुए थे. जहां, उन्होंने कार्यकताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए देवेंद्र फडणवीस पर जोरदार हमला बोला था और उन्हें नागपुर का कलंक बताया था. इसके साथ-साथ उन्होंने भाजपा पर हिंदुत्व के साथ गद्दारी करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि बीजेपी ने प्रभु राम के साथ, छत्रपति शिवजी के भगवा झंडे के साथ भी गद्दारी की है.

### देवेंद्र फडणवीस ने गिनाए कुल 8 कलंक

जिन पर गोबर खाने का आरोप लगाया, उन्हीं के साथ बैठक खाना खा रहे.

हमारे हिन्दू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे को जनाब के रूप में संबोधन सहन करना पड़ा.

सुबह, दोपहर और शाम सावरकर का अपमान करने वालों के बगल में बैठना.

वीर सावरकर का अपमान करने वालों के साथ उसी दिन रात को गले मिलना.

जिसके ऊपर राज्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी है वही पुलिस के जरिए वसूली करने लगे.

पुलिस में मौजूद अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ता के जरिए देश के उद्योगपति के घर के बाहर विस्फोटक रखवाना और उसका बचाव करना कि क्या वो लादेन है.

कोरोना काल मे लोग मर रहे थे और मृत शरीर के लिए लाए जा रहे बैग में घोटाला करना.

लोकतंत्र के मंदिर में न बैठकर घर से ही राज्य चलाना और लोकतंत्र की खोखली बाते करना.

# महाराष्ट्र में दल-बदल के खतरे के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की नेताओं के साथ बैठक



**मुंबई :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज (11 जुलाई) को महाराष्ट्र कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं. पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश के राजनीतिक हालात पर चर्चा करेंगे. बता दें यहां बैठक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित पार्टी के मुख्यालय में सुबह 11 बजे शुरू हुई. मालूम हो महाराष्ट्र के दो बड़े विपक्षी दल शिवसेना और एनसीपी अब बीजेपी के साथ सरकार में शामिल हो चुके हैं. इन दोनों ही दलों के ज्यादातर विधायक पार्टी बदल चुके हैं और पार्टी दो फाड़ हो चुकी है. ऐसे में अब कांग्रेस अकेली ऐसी पार्टी बची है, जिसमें कोई सेंधमारी नहीं हुई है.

इसी को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी महाराष्ट्र कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर एक अहम बैठक कर रहे है. बैठक में महाराष्ट्र की राजनीतिक हालातों पर चर्चा हो रही. इस दौरान विधायकों पर मंडरा रहे खतरे को लेकर भी चर्चा हो सकती है.

बता दें पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र में विधायकों की अदला-बदली को दौर चल रहा है. ऐसे में अब कांग्रेस को भी पार्टी में फूट डर सताने लगा है. वहीं, बीजेपी नेताओं ने महाराष्ट्र कांग्रेस की तरफ से विधायकों के संपर्क में होने की बात कही है. एनसीपी में दो फाड़ के बाद बीजेपी नेताओं ने दावा किया है कि इकलौती विपक्षी दल कांग्रेस के भी कई विधायक उनके संपर्क में हैं और आने वाले दिनों में वो भी गठबंधन के साथ जुड़ सकते हैं.

# ठाणे में रेहड़ीवाले को किया अगवा... बंधक बना कर पीटा, 4 के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में ऋण ना चुका पाने पर एक रेहड़ीपटरी वाले को चार लोगों ने कथित तौर पर अगवा कर एक मकान में बंधक बना कर रखा और उसे पीटा। पुलिस ने सोमवार यह जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित ने आरोपियों में से एक व्यक्ति से ऋण लिया था। कल्याण के एमएफसी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित शहर में रेहड़ी लगाकर पानी पुरी की बेचता है और उसने एक व्यक्ति से डेढ़ वर्ष पूर्व एक लाख रुपये का ऋण पांच प्रतिशत के ब्याज पर लिया था। अधिकारी ने बताया कि ऋणदाता ने बाद में ब्याज 10 प्रतिशत कर दिया। पीड़ित ने 20,000 रुपये का भुगतान कर दिया था लेकिन किसी कारणवश बची हुई राशि नहीं लौटा पाया। पुलिस ने कहा कि तीन लोग सात जुलाई को पीड़ित की रेहड़ी पर आए। उन्होंने कथित तौर पर उसका अपहरण किया और मोटरसाइकिल पर बैठाकर ऋणदाता के पास ले गए। अधिकारी ने बताया कि ऋणदाता और अन्य लोगों ने पीड़ित को कथित तौर पर पीटा और कहा कि वह बदलापुर में स्थित अपना फ्लैट उन्हें दे दे और कर्ज की रकम लौटा दे, वरना वे उसे नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पीड़ित को ऋणदाता के घर पर कथित रूप से रातभर रखा गया और उसकी पिटाई की गई। उसे आठ जुलाई को छोड़ा गया जिसके बाद उसने पुलिस के पास पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ रविवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 364(ए) (अपहरण), 341(गलत तरीके से रोकना), 323 व 324 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) तथा 506 (आपराधिक धमकी) और महाराष्ट्र साहूकारी (विनियम) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# शरद पवार से अखिलेश यादव के मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था

## अबू आजमी का खुलासा...



**मुंबई :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सोमवार को अपने एक दिवसीय यात्रा पर मुंबई पहुंचे। ऐसे में इस बात की ज्यादा संभावना थी कि वे अपने तय कार्यक्रम के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष और विपक्ष के अहम नेता शरद पवार से भी मिलेंगे, जब उनकी पार्टी में फूट पड़ी है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालांकि अफवाह यह भी उड़ी कि शरद पवार ने अखिलेश यादव से मिलने से मना कर दिया, लेकिन जब इस बारे में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे पार्टी अध्यक्ष का एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार से मिलने का कोई कार्यक्रम तय नहीं था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव निजी कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। इस दौरान उन्होंने सहारा प्रमुख सुब्रत राय की तबीयत के बारे में जानकारी ली।

**बीजेपी समाज को बांटने का काम कर रही है**

अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महाराष्ट्र में कई दलों के टूटने के बाद कहा जा रहा है कि यूपी में समाजवादी पार्टी टूटने वाली है। उन्होंने कहा कि मैं कहता हूं की आने वाले दिनों में देश से बीजेपी का सफाया हो जाएगा। बीजेपी समाज को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर टमाटर की खबर दिखा दी जाए तो भी केंद्र सरकार के पसीने छुटने लगते हैं। आज देश में महंगाई चरम पर है, लेकिन मोदी सरकार इसे कंट्रोल करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। हमारी पार्टी यूनिफॉर्म सिविल कॉर्ड के खिलाफ है।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने निजी कार्य के लिए मुंबई का दौरा किया



**मुंबई :** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को मुंबई का दौरा किया। सपा के एक पदाधिकारी ने कहा कि यह एक निजी यात्रा थी और इसलिए इसमें कोई राजनीतिक बैठक शामिल नहीं थी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार के साथ कोई बैठक निर्धारित नहीं है। पवार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। सपा पदाधिकारी ने कहा, ''यादव की यात्रा निजी थी और उन्होंने किसी राजनीतिक कार्यक्रम में भाग नहीं लिया। मुंबई के कुछ पार्टी कार्यकताओं ने उनसे उस होटल में मुलाकात की, जहां वह ठहरे थे।''



# वर्षा की कमी से महाराष्ट्र में गन्ना एवं चीनी का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका

**पुणे :** हालांकि देश के अनेक राज्यों में इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून की जोरदार वर्षा होने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है लेकिन महाराष्ट्र के अधिकांश भागों में बारिश सामान्य औसत से कम और कहीं-कहीं बहुत कम हुई है जिससे खासकर गन्ना एवं चीनी का अगला उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। महाराष्ट्र में चीनी हब के नाम से विख्यात पुणे में पानी का भारी संकट बना हुआ है। वहां बांधों-जलाशयों में केवल 19 प्रतिशत पानी बचा हुआ है।

वस्तुतः कोंकण संभाग को छोड़कर इस बार महाराष्ट्र के अन्य भागों में अपर्याप्त बारिश हुई है। मौसम विशेषज्ञों ने मध्य जुलाई तक वर्षा का अभाव बरकरार रहने की संभावना जताई है जिससे गन्ना उत्पादकों की चिंता काफी बढ़ गई है। सतारा जिले में सिंचाई विभाग ने बांधों-जलाशयों से पानी



छोड़ना बंद कर दिया है। गन्ना की फसल प्रभावित होने लगी है। उसकी चीनी रिकवरी दर में कमी आ सकती है जबकि गन्ना की उपज दर भी कमजोर रहेगी। आमतौर पर मानसून पूर्व की वर्षा और फिर मानसून सीजन के दौरान होने वाली बारिश से गन्ना की फसल को काफी राहत मिलती है लेकिन इस बार दोनों समय में बारिश का अभाव रहा। इससे गन्ना की खेती एवं फसल की प्रगति- दोनों ही प्रभावित होने की आशंका है। वर्षा की कमी के कारण किसान गन्ना की नई फसल के लिए बिजाई (रोपाई) के इच्छुक नहीं हैं।

पिछले साल राटून किस्म के गन्ना की अधिक खेती होने तथा जरूरत से बहुत ज्यादा बारिश होने के कारण फसल की उपज दर काफी घट गई थी। राज्य कृषि विभाग के अनुसार चालू वर्ष के दौरान गन्ना के उत्पादन क्षेत्र में करीब 40 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी होने का अनुमान लगाया जा रहा था लेकिन वर्षा की कमी से अब अनुमान में बदलाव हो सकता है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की एक रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र में लगभग 70 प्रतिशत सिंचाई वाले पानी का उपयोग केवल गन्ना की खेती में किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों से महाराष्ट्र देश में चीनी का सबसे प्रमुख उत्पादक राज्य बना हुआ था लेकिन 2022-23 के सीजन में उत्तर प्रदेश से पिछड़कर दूसरे नम्बर पर आ गया। 2023-24 के मार्केटिंग सीजन (अक्टूबर-सितम्बर) में भी यही स्थिति बरकरार रहने की संभावना है।

# 11 मिनट में सात धमाकों से दहल उठी थी मुंबई, लोकल ट्रेन को बनाया निशाना, प्रेशर कुकरों में रखे थे विस्फोटक



**महाराष्ट्रः** '11 जुलाई 2006'... पूरे देश के लिए ये दिन रोजमर्रा की तरह ही था, लेकिन मायानगरी मुंबई के लिए ये दिन किसी डरावने सपने से कम नहीं था। इस दिन मुंबई में एक नहीं बल्कि सात बम धमाके हुए थे। लोकल ट्रेनों में एक के बाद एक हुए लगातार 7 बम धमाकों ने मुंबई को दहला कर रख दिया। इन बम धमाकों ने 187 लोगों की जान ले ली और करीब 829 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। घटना के कई साल बाद भी इस घटना को यादकर हर देशवासी की आंखें नम हो जाती है। आखिर उस दिन क्या हुआ था आपको विस्तार से बताते हैं। दरअसल, मुंबई की लोकल ट्रेनों में रोजाना की तरह लोग ऑफिस या अपने-अपने काम से घर की ओर लौट रहे थे। शाम का वक्त होने के कारण लोकल ट्रेनों में काफी भीड़ थी। हालांकि, जैसे-जैसे समय बढ़ता जा रहा था, वैसे-वैसे ही लोकल ट्रेनों में भीड़ भी बढ़ रही थी। इसी दौरान करीब शाम 6 बजकर 24 मिनट पर अचानक पहला धमाका होता है। इसके बाद एक के बाद एक करीब अलग-अलग मिनटों पर सात बम धमाके हुए। आखिरी विस्फोट करीब 6 बजकर 35 मिनट पर हुआ था। माटुंगा रोड, माहिम जंक्शन, बांद्रा, खार रोड, जोगेश्वरी, भयंदर और बोरिवली इन जगहों पर सात धमाके हुए थे।

# बाइक का मिरर क्या टकराया, गुस्साए

## गाड़ी वालो ने युवक को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट,पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल



**पालघर :** जिले से एक सनसनीखेज घटना सामने आ रही है यहाँ पर मामूली बात को लेकर एक शख्स की हत्या कर दी गई। मोटरसाइकिल का मिरर टकराने के बाद दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। तत्पश्चात, आक्रोशित तीन व्यक्तियों ने 20 वर्षीय युवक का पीट-पीटकर कत्ल कर दिया। जानकारी के मुताबिक यह मामला पालघर जिले के नाला सोपारा का है। रविवार शाम को उड़ान पुल से रोहित यादव अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था। इस के चलते मोटरसाइकिल का मिरर बगल से जा रही गाड़ी से टकरा गया। इससे मोटरसाइकिल का नियंत्रण बिगड़ गया।

तत्पश्चात, गाड़ी में सवार लड़कों ने रोहित और उसके दोस्त को रोक लिया और बहस करने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि बात मारपीट तक पहुंच गई। युवकों ने रोहित एवं उसके दोस्त के साथ जमकर मारपीट की तथा मौके से फरार हो गए। इस वजह से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल से जा रहे लोगों ने उन्हें चिकित्सालय पहुंचाया एवं पुलिस को खबर दी। उपचार के चलते रोहित की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की खबर उसके माता-पिता को दी। मौत की खबर सुनते ही घर में मातम छा गया,पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपराधियों के खिलाफ ऋक्फ़ दर्ज करके मामले की तहकीकात आरम्भ कर दी गई है। फिलहाल तीनों आरोपी फरार हैं। पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे उउळश फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगी।

# उद्धव को BJP नेता की धमकी, अगर फिर से फडणवीस और शाह का किया अपमान तो बिगड़ सकती है कानून-व्यवस्था...

**महाराष्ट्रः** भाजपा नेता चन्द्रशेखर बावनकुले ने मंगलवार को कहा कि अगर शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब) के नेता उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अपमान करते रहेंगे तो इससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है। उन्होंने कहा कि हम ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। आगे कुछ भी होगा तो भाजपा इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगी। बावनकुले ने कहा कि उद्धव ठाकरे का मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ गया है। उन्हें इलाज कराने की जरूरत है। भाजपा नेता ने सोमवार को उद्धव की तरफ से फडणवीस के लिए इस्तेमाल किए गए कलंक शब्द के लिए उनपर हमला किया। उन्होंने शिवसेना (उद्धव-बालासाहेब) अध्यक्ष को दागी पूर्व मुख्यमंत्री बताया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने ठाकरे को फिर से फडणवीस का अपमान करने की चुनौती देते हुए कहा कि वह जहां भी जाएंगे उनका विरोध-



प्रदर्शन किया जाएगा। बावनकुले ने 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहे फडनवीस द्वारा किए गए कार्यों पर भी बात की। उन्होंने आरोप लगाया कि ठाकरे ने सीएम के रूप में राज्य के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि अगर ठाकरे फडनवीस और शाह का अपमान करते रहे, तो इससे राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

**क्या था उद्धव ठाकरे का पूरा बयान?**

गौरतलब है कि उद्धव ठाकरे ने हाल ही में फडणवीस के गृह क्षेत्र नागपुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि भाजपा नेता नागपुर पर एक 'कलंक' हैं क्योंकि उन्होंने कहा था कि वह राकांपा के साथ गठबंधन नहीं करेंगे, लेकिन फिर भी उन्होंने ऐसा किया।'' ठाकरे ने फडणवीस का पुराना ऑडियो क्लिप चलाया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह कभी राकांपा से हाथ नहीं मिलाएंगे। ठाकरे ने यह वीडियो चलाते हुए कहा था कि भाजपा नेता की न का मतलब हां होता है।

**भाजपा-गडकरी ने ठाकरे के बयान का किया विरोध?**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के लिए इस तरह की शब्दावली इस्तेमाल करने को लेकर ठाकरे की निंदा की। वहीं, भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नागपुर हवाई अड्डे के पास ठाकरे के पोस्टर फाड़ने के बाद उनके खिलाफ नारे लगाए। भाजपा के एक स्थानीय नेता ने कहा कि वे मंगलवार सुबह ठाकरे के खिलाफ शहर में प्रदर्शन करेंगे। गडकरी ने ठाकरे की टिप्पणी की निंदा की।

## अस्पताल के कूड़ेदान में नवजात का शव मिला



**पालघर :** जिले में एक अस्पताल के कूड़ेदान से एक नवजात शिशु का शव मिला। विरार के एक निजी अस्पताल के कूड़ेदान में नवजात शिशु का शव मिला। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 318 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अपराध में शामिल आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।जानकारी के मुताबिक अस्पताल के कर्मचारी सुबह जब कूड़ेदान में कचरा फेंकने गए, तब उन्हें वहां एक नवजात का शव मिला।

## व्यापारी पर तेजाब से हमला,मचा हड़कंप

**पालघर :** पालघर जिले में विरार के एक कारोबारी पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने तेजाब हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के मुताबिक एलईडी लाइट्स का कारोबार करने वाले व्यापारी की गर्दन गंभीर रूप से झुलस गई है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# महाराष्ट्र की सियासत में फिर बड़े उलटफेर के संकेत,

## उद्धव ठाकरे के संपर्क में शिंदे गुट के कई विधायक



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में उथल-पुथल के बाद अब राज्य में मानसून सत्र शुरू होने वाला है. इससे पहले राज्य में कैबिनेट विस्तार को लेकर चचाएं तेज हो गई है. माना ये भी जा रहा है कि राज्य में मानसून सत्र शुरू होने से पहले कैबिनेट विस्तार हो सकता है. इस महीने के शुरूआत में ही एनसीपी का एक धड़ा शिंदे-फडणवीस गुट में शामिल हुआ है.

**एकनाथ शिंदे को लग सकता है झटका ?**

अजित पवार ने डिप्टी सीएम और उनके साथ आए 9 नेताओं ने मंत्री पद की शपथ भी ली है. साथ ही अब शिंदे गुट और बीजेपी के पाले वाले विधायकों को भी मंत्री बनाए जाने की भी आशंकाएं नजर आ रही हैं. वैसे तो ,शिंदे गुट के विधायक इस बात को लेकर बेचैन हैं कि उनका नाम कैबिनेट विस्तार में शामिल होगा या नहीं ! इसके अलावा शिंदे गुट के कई विधायक पाला बदलने के फिराक में हैं. हिंदुस्तान लाइव ने सूत्रों के हवाले से एक खबर छापी है जिसके मुताबिक, कुछ विधायक उद्धव ठाकरे सेना के संपर्क में हैं. ऐसे में यदि इन विधायकों को मंत्री पद नहीं मिलता है तो वह जल्द ही शिंदे गुट को छोड़ सकते हैं.

**नए विधायकों को मिलेगा मौका ?**

महाराष्ट्र सरकार में 14 अन्य मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है. वर्तमान समय में महाराष्ट्र में तीन पार्टी मिलकर सरकार चला रही है. खबर है कि बीजेपी हाईकमान अपने ही कुछ मंत्रियों और शिंदे गुट के कई मंत्रियों के कामकाज से नाराज हैं. ऐसे में इन नेताओं की जल्द ही छुट्टी हो सकती है. इनके जगह पर नए विधायकों को मौका देने की चर्चा चल रही है. माना जा रहा है कि शिंदे गुट के साथ आए 40 विधायकों में से ज्यादातर विधायक मंत्री बनने के इंतजार में है. इनमें से कई ऐसे नेता हैं, जो उद्धव ठाकरे के कार्यकाल के दौरान मंत्री थे. जिसे ये नेता अपना हक मानकर मंत्री पद पर बैठे रहने की वकालत कर रहे हैं. ऐसे में यदि इन नेताओं को भाव नहीं मिलता है, तो वह जल्द ही सरकार से बगावत कर सकते हैं. इनमें कई नेता उद्धव ठाकरे के संपर्क में बने हुए हैं.

# फिर साथ आएंगे शरद पवार और अजित पवार?

## पीएम मोदी से जुड़ा है कनेक्शन



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार और अजित पवार गुटों के बीच एनसीपी पर दावा ठोंकने को लेकर खींचतान जारी है. दोनों ही गुटों ने चुनाव आयोग में चुनाव चिन्ह और एनसीपी पर अपने हक को लेकर याचिका दाखिल कर दी है. इस बीच खबर है कि शरद पवार और अजित पवार एक बार फिर से साथ आ सकते हैं. दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महाराष्ट्र के पुणे में 1 अगस्त को लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में एनसीपी चीफ शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के आने की संभावना है. लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार देने वाले ट्रस्ट की ओर से पीटीआई को बताया गया कि पीएम नरेंद्र मोदी को ये पुरस्कार उनके अनुकरणीय नेतृत्व और नागरिकों में देशभक्ति की भावना पैदा करने के उनके प्रयासों के लिए दिया जा रहा है. ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि इस पुरस्कार में एक स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र शामिल है. वहीं, दो गुटों में बंट चुकी एनसीपी के शरद पवार और अजित पवार भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं. अगर ऐसा होता है तो ये एनसीपी में हुई टूट के बाद पहला ऐसा मौका होगा, जब चाचा-भतीजा एक ही मंच पर नजर आएंगे.

**चुनाव आयोग कैसे करेगा 'पावर' का फैसला ?**

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व चुनाव आयुक्त सुनील अरोरा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से सुझाए गए थ्री टेस्ट फॉर्मूले से एनसीपी पर किए जा रहे दावों का निस्तारण किया जाएगा. उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग इन्हीं मानदंडों के आधार पर अपना फैसला सुनाएगा. हालांकि, ये जल्द होता नहीं दिख रहा है.

**क्या हैं ये मौलिक मानदंड ?**

पार्टी के लक्ष्यों और उद्देश्यों की जांच, पार्टी के संविधान की जांच और बहुमत की जांच, इन तीन मानदंडों पर दोनों गुटों के दावों को खरा उतरना होगा. जो इन मानदंडों को पूरा करेगा, एनसीपी पर उसी का कब्जा होगा. इसके बारे में सुनील अरोरा बताते हैं, ''पहले मानदंड के अनुसार चुनाव आयोग ये देखता है कि क्या कोई गुट पार्टी के लक्ष्यों और उद्देश्यों से भटका तो नहीं, जो उनके बीच मतभेदों के उभरने की मूल वजह है. दूसरे मानदंड में आयोग तय करता है कि क्या पार्टी उसके संविधान के हिसाब से चलाई जा रही है.

# भारी बारिश के कारण अकोला में रेल पटरी के नीचे से रोड़ी बही



**अकोला :** अकोला में सोमवार को भारी बारिश के कारण मध्य रेलवे के मुर्तिजापुर-माना मार्ग पर पटरियों के नीचे की पत्थर की रोड़ी बह गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे हीरपुर गेट के पास हुई घटना के बाद कई ट्रेन को उस मार्ग पर पहुंचने से पहले ही रोक दिया गया। 12139 सीएसएमटी-नागपुर एक्सप्रेस को भुसावल स्टेशन पर, 01140 मडगांव-नागपुर एक्सप्रेस को अकोला स्टेशन पर और 12112 अमरावती-सीएसएमटी एक्सप्रेस को बडनेरा स्टेशन पर रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि 11121 भुसावल-वर्धा एक्सप्रेस को मुर्तिजापुर स्टेशन पर रोका गया और इसके बाद इसे रद्द कर दिया गया, जबकि कुछ ट्रेन को नागपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल और अन्य मार्गों की ओर मोड़ दिया गया।

# मंत्रालय के केबिन नंबर 602 से अजित पवार भी काट रहे कन्नी, क्यों दफ्तर बनाने से डरते हैं मंत्री?

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नवनिर्वाचित उपमुख्यमंत्री अजित पवार इस समय चर्चा में हैं। एक सप्ताह पहले अजित पवार ने सबको चौंकाते हुए राजभवन में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद अजित पवार ने एनसीपी में विधायकों के एक बड़े समूह को भी तोड़ लिया।अजित पवा र का हर बयान और एक्शन फिलहाल चर्चा का विषय बना हुआ है। अब इस कड़ी में एक और चीज जुड़ गई है। ऐसी खबर है कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंत्रालय में केबिन नंबर 602 को नहीं लेना चाहते हैं। मंत्रालय की छठी मंजिल पर स्थित केबिन नंबर 602 को कई राजनेता अशुभ मानते है। अजित पवार का मानना है कि इस केबिन से काम करने वाले किसी भी मंत्री को अब तक प्रमोशन नहीं मिला है। उल्टा उन्हें राजनीतिक जीवन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। अजित पवार इसके पहले इस केबिन में काम कर चुके हैं। अब नई सरकार में उपमुख्यमंत्री बनने के बाद अजित पवार कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। चर्चा है कि इसी वजह से अजित पवार ने इस केबिन को खारिज कर दिया है। इसके बजाय, अजीत पवार ने छठी मंजिल पर केबिन 716, 717, 722 या 723 में से एक में बैठने की इच्छा व्यक्त की है। फिलहाल मंत्रालय की छठी मंजिल पर अजित पवार का केबिन तैयार करने का काम तेज हो गया है।



इस मुद्दे पर अजित पवार गुट के प्रवक्ता सूरज चव्हाण ने बताया कि अजित पवार इस तरह की अंधविश्वास वाली चीजों में यकीन नहीं करते हैं। हम महाराष्ट्र की जनता के विकास के लिए सरकार में शामिल हुए हैं। ऐसे में काम करने के लिए जो केबिन मिलेगा हम उसमें काम करेंगे। जनता की समस्या को दूर करना हमारा पहला कर्तव्य है। केबिन के नंबर से कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला है। अजित पवार इसके पहले भी उस केबिन में काम कर चुके हैं। मंत्रालय की छठी मंजिल पर केबिन नंबर 602 अक्सर चर्चा का विषय रहा है। मंत्रालय में यह केबिन अशुभ होने के कारण दबी जुबान में चर्चा है कि इससे संबंधित नेताओं को कोई फायदा नहीं होता। इससे पहले केबिन नंबर 602 एकनाथ खडसे, पांडुरंग फुंडकर और अजित पवार को दिया गया था।

इनमें से खडसे का राजनीतिक करियर पिछले कुछ सालों से मुश्किलों भरा रहा है। वहीं अजित पवार को अपने राजनीतिक जीवन में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ा है। कहा जाता है कि देवेंद्र फडणवीस ने भी इस केबिन को लेने से इनकार कर चुके हैं।

# वित्तीय सलाह देने वाले 'इंफ्लूएंसर' के लिए दिशानिर्देश दो महीने में आएगा: SEBI




मुंबई। बाजार नियामक सेबी सोशल मीडिया पर निवेश से जुड़ी सलाह देने वाले गैर-पंजीकृत 'इंफ्लूएंसर' के बारे में नियमों एवं दिशानिर्देशों को एक-दो महीने में अंतिम रूप दे देगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने बुधवार रात को निदेशक मंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्तीय 'इंफ्लूएंसर' के नियमन के लिए एक परिचर्चा पत्र तैयार किया जा रहा है और अगले दो महीनों में इसे सार्वजनिक टिप्पणी के लिए जारी कर दिया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया मंचों पर वित्तीय मामलों में सलाह देने वाले जानकारों की भरमार हो गई है। इनमें से अधिकतर सेबी के पास वित्तीय सलाहकार के रूप में पंजीकृत भी नहीं हैं। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, व्हाट्सऐप और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया मंचों पर वित्तीय सलाह देने वाले लोगों को लेकर सेबी पहले भी लोगों को आगाह करता रहा है। इसके साथ ही उसने इन गैर-पंजीकृत सलाहकारों के खिलाफ कदम उठाने का भी जिक्र किया था। सेबी प्रमुख ने कहा, हमें इससे समस्या नहीं है कि कोई व्यक्ति निवेशकों को बाजार एवं निवेश के बारे में जागरूक करना चाहे। लेकिन अगर वे बिना किसी वजह के निवेश सलाह देते हैं और सेबी के पास पंजीकृत भी नहीं हैं तो हमें इससे गंभीर समस्या है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब आयकर विभाग देश के शीर्ष 35 सोशल मीडिया 'इंफ्लूएंसर' को करोड़ों रुपये का कर भुगतान नहीं करने पर नोटिस भेज रहा है। पिछले हफ्ते केरल में 13 बड़े यूट्यूबर के ठिकानों पर तलाशी अभियान भी चलाया गया था। ऐसी चर्चा है कि कुछ 'इंफ्लूएंसर' सोशल मीडिया मंचों पर दर्शक संख्या के आधार पर कमीशन के रूप में मोटी राशि पाते हैं और वे अपने सुझाए गए स्टॉक में लेनदेन कर उससे भी कमाई करते हैं।

## Procter & Gamble लगाएगी कारखाने, गुजरात में 2,000 करोड़ के निवेश से होगी शुरुआत



नयी दिल्ली। दैनिक उपयोग के घरेलू उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी प्रॉक्टर एंड गैम्बल इंडिया (पीएंडजी इंडिया) 2,000 करोड़ रुपये का निवेश कर गुजरात में एक व्यक्तिगत चिकित्सा विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी।

कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत में पीएंडजी का नौवां संयंत्र होगा। यह कंपनी एरियल, ड्यूरासेल, जिलेट, हैड एंड शोल्डर्स, ओरल-बी, पैम्पर्स, पैंटीन, टाइड, विक्स और व्हिस्पर जैसे लोकप्रिय उत्पादों का विनिर्माण करती है। कंपनी ने बयान में कहा कि नया संयंत्र साणंद में 50,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैला है। यहां पीएंडजी के वैश्विक चिकित्सा उत्पादों का उत्पादन होगा। बयान के अनुसार, यह इकाई अगले कुछ साल में संचालित हो जाएगी और पीएंडजी का वैश्विक निर्यात केंद्र बनेगी। इससे पीएंडजी इंडिया दुनियाभर के अपने ग्राहकों के लिए उत्पाद भेजेगी। कंपनी ने कहा कि इस संयंत्र के स्थापित होने से सैकड़ों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# इंडिगो की संचालक फर्म का पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा




नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन का बाजार पूंजीकरण बुधवार को एक लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाली पहली एयरलाइन है। बीएसई पर इंटरग्लोब एविएशन का शेयर बुधवार को 3.55 प्रतिशत बढ़कर 2,619.85 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 4.12 प्रतिशत बढ़कर52 हफ्तों के उच्चतम स्तर 2,634.25 रुपये पर भी पहुंच गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी के शेयर 3.61 प्रतिशत चढ़कर 2,621.10 रुपये के भाव पर बंद हुए। शेयर मूल्य में बढ़ोतरी होने से बीएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन बढ़कर 1,01,007.56 करोड़ रुपये हो गया। इस साल अब तक बीएसई पर इस शेयर में 30.53 प्रतिशत उछाल आ चुका है जबकि इस अवधि में सेंसेक्स पांच प्रतिशत ही बढ़ा है। इंडिगो ने अपनी विस्तार योजनाओं को ध्यान में रखते हुए पिछले हफ्ते एयरबस को 500 विमानों का पक्का ऑर्डर देने की घोषणा की थी। यह एयरबस को किसी भी एयरलाइन से मिला सबसे बड़ा ऑर्डर है। इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन है और अब अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन का भी विस्तार कर रही है। मई में घरेलू बाजार में इसकी हिस्सेदारी 61.4 प्रतिशत थी।

# पीएलआई की लाभार्थी कंपनियों से मुद्दों पर चर्चा करें संबंधित विभाग: उद्योग मंत्रालय



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे संबंधित विभागों को योजनाओं से लाभांवित होने वाली कंपनियों के साथ चर्चा कर उनकी समस्याओं से अवगत होने को कहा है। अधिकारियों ने कहा कि मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को पीएलआई योजना पर आयोजित एक कार्यशाला के दौरान यह सुझाव दिया गया। इस दौरान अपने क्षेत्र में पीएलआई योजना चलाने वाले विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया कि लाभार्थी कंपनियां अपना निवेश पूरा करने के साथ उत्पादन लक्ष्य भी हासिल करें।

यह बैठक इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि सरकार ने पीएलआई योजना के तहत मार्च, 2023 तक मिले 3,400 करोड़ रुपये के दावों में से केवल 2,900 करोड़ रुपये का ही वितरण किया है। सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2021 में 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना की घोषणा की थी। इसके लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। एक अधिकारी ने कहा, संबंधित मंत्रालयों को सुझाव दिया गया है कि वे पीएलआई की लाभार्थी कंपनियों को परामर्श के लिए बुलाएं और इस दौरान कोई मुद्दा उठाया जाता है तो वे इससे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को अवगत कराएं ताकि उन मुद्दों को उच्चतम अधिकारियों के साथ उठाया जा सके। इस योजना के समन्वय की जिम्मेदारी संभालने वाले वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने पीएलआई लाभार्थियों से भी कहा है कि वे योजना से संबंधित किसी भी मुद्दे को संबंधित मंत्रालय या विभाग के साथ चर्चा में उठाएं। कार्यशाला में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पीएलआई योजना की नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रभावशीलता के बारे में उद्योग जगत से प्रतिक्रिया और सहयोग देने का अनुरोध किया।

## देश के बैंकों का फंसा कर्ज एक दशक के निचले स्तर पर, और सुधार की उम्मीद: आरबीआई




मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि देश के बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्ति यानी फंसा कर्ज अनुपात इस साल मार्च में 10 साल के निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गया। आरबीआई ने अपनी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा कि सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) और सुधरकर 3.6 प्रतिशत पर आने का अनुमान है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने रिपोर्ट की भूमिका में लिखा है कि बैंक और कंपनियों के बही-खाते मजबूत हुए हैं। इससे कुल मिलाकर वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद है क्योंकि बही-खातों के मजबूत होने का दोहरा लाभ है। एक तरफ जहां कंपनियों का कर्ज कम होगा, वहीं बैंकों का एनपीए भी नीचे आएगा। उन्होंने साइबर जोखिम और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिये अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नियामकीय व्यवस्था पर ध्यान देने की भी बात कही। दास ने रिपोर्ट की भूमिका में लिखा है, ''वित्तीय स्थिरता महत्वपूर्ण है और सभी संबद्ध पक्षों को इसे संरक्षित रखने के लिये मिलकर काम करना होगा।'' उन्होंने विदेशों में कुछ बैंकों के विफल होने के बीच सतर्क रहने की जरूरत बताते हुए कहा कि वित्तीय क्षेत्र के नियामक और उनके अंतर्गत आने वाली इकाइयां स्थिरता को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## भाजपा नेता के घर पर फायरिंग

# बाइक से आए छह बदमाशों ने चलाई गोलियां, 15 खोके मिले; एक वृद्धा घायल

**अंबाह।** मुरैना जिले के अंबाह शहर में रविवार शाम भाजपा नेता के घर पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इसमें रास्ते से गुजर रही एक वृद्धा घायल हो गई। उसे ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है।इसमें दिख रहा है कि चिरपुरा रोड पर तीन बाइक पर सवार छह बदमाश गोलियां चला रहे हैं। सभी ने अपने चेहरे बांध रखे हैं। गोली चलने पर पार्षद को बेटा दौड़कर घर पहुंचा और उसने भी बदमाशों पर गोलियां चलाई। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। दोनों तरफ से चली गोलियों में राहगीर महिला कमला शर्मा के कंधे पर गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल महिला को अम्बाह के अस्पताल ले गए वहां से मुरैना रेफर कर दिया। मुरैना में इलाज के बाद उसे ग्वालियर रेफर किया गया है।



बताया जा रहा है कि चिरपुरा रोड पर रहने वाले भाजपा नेता व पूर्व पार्षद सुभाष शर्मा उर्फ करुआ के बेटे विशाल शर्मा का कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। करीब एक साल पहले विशाल और आरोपियों के बीच गोलीबारी हुई थी। इसमें विशाल के पेट में गोली लगी थी। इलाज के बाद विशाल बच गया था। दो दिन पहले भी दोनों गुटों की मोबाइल पर बहस हुई थी। इस कारण हमलावर बदमाश बादक से चिरपुरा रोड स्थित विशाल के घर हमला करने जा रहे थे। घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर विशाल दुकान पर बैठा था। बदमाशों ने उसे देखकर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। विशाल यहां से भागकर अपने घर पहुंचा और अपनी बंदूक से घर की छत पर खड़े होकर फायरिंग शुरू कर दी। यह देख बदमाश मौके से भाग गए।

घायल महिला अपनी बहन का घर विशाल के घर के सामने है। महिला वहां से अपने घर लौट रही थी, तभी फायरिंग हो गई। फायरिंग की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। यहां करीब 15 कारतूस खाली पड़े मिले। घायल महिला के बयान लेकर उसे मुरैना रेफर कर दिया। विवाद के बाद सोमवार सुबह तक कोई भी पक्ष अंबाह थाने में शिकायत कराने पहुंचा। आज की घटना को लेकर एक भी पक्ष अंबाह थाना पुलिस के पास नहीं पहुंचा है। अंबाह पुलिस घायल महिला से जानकारी लेने को ग्वालियर पहुंच रही है। पुलिस अधिकारियों द्वारा मौके-ए-वारदात का मुआयना कर घटना के विषय में लोगों से चर्चा की है। यह घटना रविवार शाम 6ः30 बजे के बाद होना बताया जा रहा है। एक पक्ष की महिला ने बताया कि तीन बाइकों पर 6 लोग मौके-ए-वारदात पर पहुंचे थे। पुलिस गोली चलाने वालों पर मामला दर्ज कर दाखिले हवालात करेगी ।

## सोहागपुर में व्यापारी पर जानलेवा हमला

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के सोहागपुर में कॉलेज के सामने रविवार रात एक व्यापारी पर 3 हमलावरों ने फायरिंग कर दी। पुराने विवाद के चलते रंजिश में जानलेवा हमला किया गया। 3 राउंड फायरिंग की गई। एक गोली हिप्स पर और दूसरी गोली हाथ में लगी। तीसरी गोली उसे छूकर निकल गई। घटना रविवार रात करीब 9.30 बजे की बताई जा रही है। फायरिंग करने वाले गांव के ही रामकुमार उर्फ मुन्नालाल गुर्जर निवासी ग्राम सिलारी समेत अन्य दो लोग हैं। हमले के बाद भाग गए। घायल कृष्णकांत पटेल (32) निवासी ग्राम सिलारी चौराहेट है। उन्हें नर्मदा अस्पताल नर्मदापुरम में भर्ती कराया गया है। रात 12 बजे देहात थाना टीआई संजय चौकसे ने पीड़ित के बयान लिए। पुलिस के मुताबिक घायल कृष्णकांत पटेल सोहागपुर में दुकान चलाते हैं। पीड़िता ने बताया- रात करीब 9 बजे वो दुकान बंद कर अपने गांव सिलारी जा रहा था। सोहागपुर में कॉलेज के सामने गांव के रामकुमार उर्फ मुन्ना गुर्जर ने अपने 2 अन्य साथियों के साथ मुझे रोक लिया।

## तीन साल की बच्ची पर गिरा गर्म दूध, मौत

# डॉक्टर बोले, 60% जली, बचाना मुश्किल, 12 घंटे में दम तोड़ा



**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा में रहने वाली एक बच्ची रविवार को गर्म दूध से जल गई। उसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी मौत हो गई। हादसे के समय बच्ची खेल रही थी। जिसने गर्म दूध की तपेली अपने ऊपर उड़ेल ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस के मुताबिक घटना गोविंद नगर की है। नविष्का (3) पुत्री रवि साहू की रविवार रात एमवाय अस्पताल में मौत हो गई। सोमवार को बच्ची का अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। नविष्का के पिता रवि ने बताया कि वह बिजली कंपनी में प्रायवेट जॉब करते है। सुबह वह अपने काम पर चले गए थे। नविष्का कमरे में खेल रही थी। रविवार सुबह करीब 10 बजे पत्नी ने किचन में दूध गर्म करके रखा और वह नहाने चली गई। इस दौरान नविष्का हॉल से खेलते-खेलते किचन में चली गई और वह किचन स्टैंड के सहारे खड़ी हो गई। उसका हाथ तपेली पर पड़ा और तपेली का गर्म दूध नविष्का पर गिर गया। हादसे में नविष्का का पेट और पैर काफी जल गए थे। हादसे के बाद पत्नी ने मुझे कॉल कर बुलाया। मैं घर पहुंचते ही नविष्का को एमवाय अस्पताल ले गया। यहां डॉक्टरों ने बताया कि वह 60 प्रतिशत जल चुकी है। ऐसे में उसे बचाना मुश्किल है। क्योंकि उसके अंग भी नाजुक हैं। इसके बाद डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू कर दिया। लेकिन रविवार रात 9 बजे नविष्का ने दम तोड़ दिया। रवि के मुताबिक उनकी एक दो माह की बेटी भी है। जो कमरे में सोई थी। उनके मुताबिक घर पर पति पत्नी ओर दोनों बच्चे रहते हैं। परिवार नजदीक रहता है। कुछ समय पहले ही रवि पत्नी और दोनों बच्चियों के साथ अलग घर लेकर रह रहे थे।

## मध्यप्रदेश मानसून अपडेट-5 जिलों में 8 इंच बारिश की संभावना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के 5 जिलों में आज अति भारी बारिश का अलर्ट है। यहां 8 इंच तक पानी गिर सकता है। रविवार को प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से यानी 26 जिलों में बारिश हुई। छिंदवाड़ा में लगातार हो ही बारिश से पूर्व मंत्री चंद्रभान सिंह के बंगले में पानी घुस गया। शहर के ढीमराढाना इलाके में घुटनों तक पानी भर गया। यहां फॉरेस्ट विभाग के कैम्पस की दीवार ढह गई। जबलपुर में नर्मदा नदी में टापू पर फंसे चार युवक सोमवार सुबह रेस्क्यू किए गए। युवक रविवार शाम भेड़ाघाट में मछली पकड़ने नदी में उतरे थे। जलस्तर बढ़ने से फंस गए। सेना, हृष्ठक्रन्न ने रस्सी के सहारे चारों को निकाला। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में बारिश की अच्छी स्थिति है। राजस्थान के जैसलमेर, शिवपुरी, सीधी होते हुए ट्रफ लाइन गुजर रही है। राजस्थान के ऊपर भी सिस्टम एक्टिव है। इसके अलावा दोनों तरफ से नमी आ रही है। इस वजह से बारिश का दौर है। भोपाल के कलियासोत डैम में 10 से ज्यादा मगरमच्छ हैं। कुछ तो 9 फीट तक लंबे हैं। इसके बाद भी रविवार को पर्यटक पानी के पास तक पहुंच गए। पिछले 24 घंटे में मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा रीवा में 3.67 इंच बारिश हुई।

## मध्यप्रदेश की 15वीं विधानसभा का मानसून सत्र मंगलवार से

# कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बनेगी सरकार को घेरने की रणनीति, स्पीकर ने बुलाई सर्वदलीय मीटिंग

**भोपाल।** बैठक में टेक्निकल टीम के सदस्य विधायकों को बूथ मैनेजमेंट की ट्रेनिंग देंगे। इसमें बूथ लेवल एजेंट्स के साथ ही बूथ प्रबंधन और चुनावी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। विधायकों के बीच टेक्निकल टीम प्रजेंटेशन के जरिए इलेक्शन मैनेजमेंट की बारीकियों को बताएगी। सीधी में पेशाब कांड के बाद इंदौर, ग्वालियर और सागर में भी आदिवासी और दलित के साथ



मारपीट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वहीं, विदिशा में बीजेपी नेताओं से तंग आकर बाप-बेटी की सुसाइड मामले को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। वहीं, महाकाल लोक में मूर्तियों के टूटने और सतपुडा भवन में लगी आग के मामले पर मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के विधायक सरकार को घेरेंगे। ऐसे तमाम मुद्दों पर सरकार को सदन में घेरने की रणनीति पर विधायक दल की बैठक में चर्चा होगी। शाम 7ः30 बजे विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने भी सर्वदलीय बैठक बुलाई है। विधानसभा के सम्मेलन कक्ष में संसदीय कार्यमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह के साथ पक्ष विपक्ष के विधायकों से विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम मानसून सत्र के संचालन को लेकर चर्चा करेंगे। मानसून सत्र के दूसरे दिन अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। सप्लीमेंट्री बजट करीब 25 हजार करोड़ रुपए का हो सकता है। इसमें स्कूल टॉप करने वाले स्टूडेंट्स के लिए स्कूटी देने, लाडली बहना योजना सहित तमाम योजनाओं के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा।

# 'शादी नहीं होगी तुम्हारी', एक्टिंग वर्ल्ड में एंट्री पर एक्ट्रेस कृति सेनन को सुननी पड़ी ये बातें, स्टार किड्स की वजह से फिल्मों से हुई रिप्लेस

**एक्ट्रेस** कृति सेनन आज फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं. वो बिग बजट फिल्में कर रही हैं. उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है. हालांकि, एक आउटसाइडर होने के नाते एक्ट्रेस को इंडस्ट्री में कदम जमाने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी. पिंकविला को दिए एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने अपनी जर्नी के बारे में बात की थी. एक्ट्रेस बताया कि उन्हें कई फिल्मों में स्टारकिड्स की वजह से रिप्लेस किया गया. एक्ट्रेस ने बताया था, 'जब मैंने इंडस्ट्री में आने का बारे में सोचा तो मेरे रिलेटिव्स ने कई बातें सुनाई. उनका कहना था कि मुझे नहीं लगता कि ये काम करेगा. ये बड़ा सपना है. इंडस्ट्री अच्छी नहीं है. बहुत लोग हैं जो स्ट्रगल कर रहे हैं, नहीं होता है. शादी नहीं होगी तुम्हारी जल्दी.' इसके अलावा कृति ने बताया, 'जब मैं मुंबई आई थी तो खोई हुई थी. मुझे कुछ पता नहीं था. मैं किसी को जानती नहीं थी. मुझे नहीं पता था कि कैसे शुरू करते हैं. किसे अप्रोच करना है. किसके पास जाऊं.'



**फिल्मों से कृति हुई रिप्लेस**

कृति ने बताया,' अगर मैं फिल्म फैमिली से आती तो शायद वो लोग मुझे पहले से जानते. मैं कहीं उनसे पहले मिली होती. कई बार ऐसा होता कि आपको रोल बस मिलने ही वाला होता था कि फिर वो एक स्टैब्लिश एक्टर के पास चला जाता था. मैं स्टारकिड्स की वजह से फिल्मों से रिप्लेस हुई हूं. लेकिन मुझे इसके पीछे का कारण नहीं पता है. ये आपको थोड़ा बहुत इरिटेट भी करता है.' बता दें कि पिछली बार कृति को फिल्म आदिपुरुष में देखा गया था. इस फिल्म में उन्होंने मां सीता का रोल निभाया था. फिल्म को लेकर काफी विवाद भी हुआ था.

# आमिर से तलाक के बाद हर्षवर्धन राणे को डेट कर रही हैं संजीदा शेख? जानें क्या है माजरा


**संजीदा** शेख, छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री हैं। 'कयामत' और ' इश्क का रंग सफेद' जैसे हिट टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकीं संजीदा शेख की गिनती टीवी की बोल्ड एक्ट्रेसेस में की जाती हैं। वह न केवल अपने काम के चलते बल्कि अपने बोल्ड लुक्स के कारण भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। लेकिन आज उनके चर्चा में आने की वजह न तो उनका कोई सीरियल है न ही कोई सोशल मीडिया पोस्ट, अभिनेत्री आज अभिनेता हर्षवर्धन राणे के साथ डेटिंग की अफवाहों को लेकर खबरों में हैं। दरअसल, बॉलीवुड गलियारों में अफवाहें हैं कि संजीदा शेख और हर्षवर्धन राणे एक-दूसरे से इश्क फरमा रहे हैं।

अभिनेत्री संजीदा शेख और हर्षवर्धन राणे अपने कथित तौर पर एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। ऐसे में कपल के बीच पक रही रोमांस की खिचड़ी को लेकर दोनों सुर्खियों में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर हर्षवर्धन और संजीदा की कुछ तस्वीरें जंगल में आग की तरह फैल रही हैं, जिन्हें देख सोशल मीडिया यूजर्स दावा कर रहे हैं कि छुट्टियां दोनों साथ में बिता रहे हैं। हालांकि, दोनों कलाकारों ने इन अफवाहों पर कोई भी रिएक्शन नहीं दिया है और वे चुप्पी साधे हुए हैं। पिछले महीने दोनों ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जंगल सफारी की कुछ तस्वीरें साझा की थीं। दोनों की इन तस्वीरों को देखने के बाद यूजर्स ने इन फोटोज में कुछ समानताएं देखी। चील की तरह तेज आंखें रखने वाले नेटिजन्स ने नोटिस किया कि तस्वीरों का बैकग्राउंड और जिस जीप में वे अलग-अलग बैठे थे, वह एक ही है। संजीदा द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में वह अपनी बेटी के साथ पोज देती नजर आ रही हैं।



# विलेन बनकर कई बार हीरो के छक्के छुड़ा चुके हैं शाह रुख खान, अब 'जवान' में फिर दे रहे वार्निंग

शाह रुख खान के स्टारडम के आगे बड़े-बड़े सितारों का टिकना बहुत ही मुश्किल होता है। पठान एक्टर स्क्रीन पर आए न आए पर बॉलीवुड में कई सालों से वह किंग बनकर राज कर रहे हैं। बादशाह खान हिंदी सिनेमा के वह अभिनेता हैं, जिन्होंने पर्दे पर अपना हर रूप दिखाया है। कुछ-कुछ होता है का रोमांटिक राहुल हो या फिर पठान का रॉ एजेंट, शाह रुख खान को हर किरदार में फैंस ने प्यार दिया है। अब किंग खान जल्द ही साउथ निर्देशक एटली की फिल्म 'जवान' में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका भी अदा करते हुए नजर आएंगे।



हालांकि, ये पहली बार नहीं है, जब शाह रुख खान पर्दे पर विलेन का किरदार निभाकर हीरोज के छक्के छुड़ाने जा रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने कई फिल्मों में नेगेटिव किरदार के साथ हीरो की पूरी लाइमलाइट लूट ली थी। तो चलिए देखते हैं उन फिल्मों की लिस्ट, जिसमें शाह रुख खान ने विलेन बनकर भी खूब प्यार पाया। 90 के दशक में जब हीरोज विलेन की भूमिका निभाने से कतराते थे, तो उस समय किंग शाह रुख खान ने नेगेटिव किरदार अदा करने का एक बड़ा रिस्क लिया। साल 1993 में रिलीज हुई फिल्म में शाह रुख खान ने एक ऐसे विलेन का किरदार निभाया था।

अपने पिता की मौत का बदला 'मदन चोपड़ा' से लेने के लिए उनकी दोनों बेटियों काजोल और शिल्पा शेट्टी को अपने प्यार के जाल में फंसाता है और फिर उनकी बड़ी बेटी शिल्पा शेट्टी को मार देता है। विलेन होने के बाद भी शाह रुख खान ने फिल्म के हीरो सिद्धार्थ रे की लाइमलाइट चुरा ली थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। शाह रुख खान ने बाजीगर के बाद फिल्म 'डर' में काम किया। इस फिल्म में उनके साथ जूही चावला थीं और सनी देओल ने फिल्म में हीरो का किरदार निभाया था। हालांकि, शाह रुख खान ने अपने क..क..क.. किरण जैसे एक डायलॉग से हर किसी को दीवाना बना दिया था। आज भी जब शाह रुख खान कहीं जाते हैं, तो 'डर' फिल्म से ये डायलॉग बोला जाता है। ये किंग खान की यश चोपड़ा के साथ पहली फिल्म थी, जिसमें उन्होंने विलेन की भूमिका अदा की थी। लेकिन विलेन बनकर उन्होंने सनी देओल की पूरी लाइमलाइट चुरा ली थी। इस फिल्म के बाद सनी देओल ने यश चोपड़ा के साथ काम नहीं किया, लेकिन शाह रुख खान यशराज परिवार का एक अहम हिस्सा बन गए।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com